RAF SECTOR

NEWS CLIP

28/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat khabar , Jamshedpur (JKD)

रैफ 106 में मनाया गया गणतंत्र दिवस

जमशेदपुर. सुंदरनगर स्थित रैफ 106 परिसर में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर रैफ 106 के सीओ पीके सिंह ने झंडा फहराया. मौके पर सीओ श्री सिंह ने सभी पदाधिकारी और जवानों को 71वां गणतंत्र दिवस की बधाई दी. साथ ही बल के अधिकारी और कार्मिकों को प्रदान किये गये कीर्ति चक्र एवं पदकों से सम्मानित किये गये लोगों के नाम पढ़ कर सुनाया. कार्यक्रम के दूसरे पहर में रैफ 106 कैंप परिसर के मेंस क्लब में प्रशिक्षकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें जवानों के द्वारा देश भक्ति पर आधारित कला और नृत्य का बुहत ही सुंदर रूप प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर बिष्टुपुर स्थित मॉल में प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया.

Scanned with CamScanner

Hindustan Jamshedpur (JKD)

सुंदरनगर में रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट ने भारतीय संविधान के अनुपालन की प्रतिबद्धता दोहराई

रैफ जवानों ने फहराया तिरंगा, देशभक्ति गीत गाए

आयोजन

जमशेदपुर | संवाददाता

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कैंप में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने झंडोत्तोलन किया।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सुंदरनगर स्थित 106 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कैंप में तिरंगे को सलामी देते कमांडेंट और प्रस्तुति देते जवान।

उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए लोगों को संविधान और उसके अनुपालन की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को कीर्ति चक्र और अन्य पदक के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बटालियन परिसर में मेस क्लब प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जवानों ने जहां एक ओर विभिन्न शारीरिक कौशल करतब दिखाया, वहीं नृत्य भी पेश किया। इसके साथ ही शाम में प्रदर्शनी भी पीएम मॉल में लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल बैंडो, डॉ. अमूल्य कुजूर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों के बीच कमांडेंट ने मिठाइयों का भी वितरण किया।

Scanned with CamScanner

Amarujala , Prayagraj (UP)

गणतंत्र दिवस पर शहीदों को किया याद

फाफामऊ (संवाद)। क्षेत्र के सरकारी एवं निजी संस्थाओं में 71 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पंडिला के क्वार्टर गार्ड पर मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज रामयोफंग डयूडांग ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने शहीद सिपाही उत्पल राभा को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पदक प्रदान किए जाने एवं सीआरपीएफ के 75 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक द्वारा सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। सीआरपीएफ कैंप स्थित विद्यालय में ध्वजारोहण डीआईजी मनीष सच्चर ने किया। इसी प्रकार आरएएफ 101 बटालियन के क्वार्टर गार्ड एवं मांटेसरी स्कूल में ध्वजारोहण कमांडेंट आरके निगम ने किया। इसी प्रकार गुरूकुल मांटेसरी स्कूल में पूर्व आईपीएस कृपा शंकर सिंह ने ध्वजारोहण किया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।